# अम्बाला भास्कर

शनिवार 09 दिसंबर, 2017 | पौष, कृष्ण पक्ष सप्तमी, 2074


**मौसम**

| तापमान | दिन | रात |
|---|---|---|
| अम्बाला | 25.0 | 7.5 |
| बीते कल से घट/बढ़ | (+1.0) | (+0.0) |
| कुरुक्षेत्र | 25.0 | 8.0 |
| कैथल | 25.0 | 7.5 |

पूर्वानुमानः आज हल्के बादल छाए रहने व ठंड बढ़ने की संभावना है।

सूर्योदय कल प्रातः 7:04 | सूर्यास्त आज सायं: 05:21

**सरबसांझी गुरबाणी**

श्री गुरु नानक देव जी फरमाते हैं कि हवा सदा ही भगवान के डर में चल रही है। लाखों दरिया भी उसके भय में बह रहे हैं। आग जो सेवा कर रही है, वह भी उस मालिक के डर में है। सारी धरती भगवान के डर के कारण ही भार तले दबी हुई है। बादल भी उसकी रजा में ही उड़ रहे हैं। धर्मराज का दरबार भी उसी के डर में है। हे नानक ! केवल एक परमेश्वर ही भय से मुक्त है। **महल्ला पहला | अंग 464**

दया एक ऐसी भाषा है, जिसे बहरा सुन सकता है और अंधा देख सकता है।
-मार्क ट्वैन



एक बच्चा बोला, आज मुझे पचास पैसे का एक सिक्का मिला है। दूसरा बच्चा-वो मेरा था। पहला बच्चा-अरे जा मुझे तो पच्चीस पैसे के दो सिक्के मिले हैं। दूसरा बच्चा-मेरा सिक्का जमीन पर गिर कर टूट गया होगा।






**कब्जा हटाया** | नन्हेड़ा में निगम टीम पूरे अमले के साथ अतिक्रमण हटाने पहुंची, विरोध के बीच टीम ने सालों से हुआ कब्जा छुड़वाया


# निगम की कार्रवाई पर लोगों ने जीटी रोड पर आधा घंटा जाम लगाकर निकाला गुस्सा, तीन युवक हिरासत में, अब कॉरिडोर का रास्ता साफ

भास्कर न्यूज़ | अम्बाला

**रेलवे** कॉरिडोर निर्माण को लेकर कैंट नगर निगम टीम अमले के साथ शुक्रवार सुबह के नन्हेड़ा में अवैध निर्माण हटाने पहुंची। निगम कार्रवाई का लोगों ने जमकर विरोध भी किया लेकिन प्रशासनिक अमले के सामने विरोध नाकाम रहा। हालांकि लोगों के विरोध के कारण कार्रवाई को कई बार थोड़ी देर के लिए रोकना पड़ा। अमले के सामने खुद हो असहाय देख लोगों ने सुबह करीब 9.15 बजे जीटी रोड जाम कर दिया। लोगों ने लगभग 30 मिनट तक हाइवे जाम रखा। इस दौरान कुछ युवकों ने गाड़ियों को रोकने का प्रयास भी किया। यहां तक कि एक युवक ने हाइवे पर आ रही कार रोककर उसके चालक को बाहर निकालकर पीटने का प्रयास किया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया और जाम खुलवाया।

**विस्तृत खबर पेज 4 पर**

**आशियाना उजड़ता देख बेहोश हुई महिला...**



कार्रवाई देखकर बेहोश महिला को ले जाते परिजन व अधिकारी। **अशोक अग्रवाल**

**कॉरिडोर का मुख्य केंद्र बनेगा अम्बाला छावनी**


## रेलवे कॉरिडोर से एक दिन में अम्बाला से मुंबई पहुंचेगा सामान, युवाओं को मिलेगा रोजगार तो व्यापारी सस्ती दर पर सामान कर सकेंगे बुक

**अम्बाला**| अवैध कब्जा हटने से अम्बाला से निकलने वाले रेलवे कॉरिडोर का रास्ता साफ हो गया है। रेलवे कॉरिडोर बनने से जहां यात्री गाड़ियां सही समय पर अपने गंतव्य पर पहुंचेंगी तो वहीं व्यापारियों द्वारा बुक कराया गया सामान भी एक दिन में ही संबंधित स्टेशन पर पहुंच जाएगा। डीएफसी द्वारा अम्बाला में 5.72 हैक्टेयर जमीन अधिग्रहण की गई है।

रेलवे द्वारा सामान को एक से दूसरे स्थान तक जल्द पहुंचाने के लिए कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। रेलवे की तरफ से इस्टर्न व वेस्टर्न कॉरिडोर तैयार किया जा रहा है। इस्टर्न कॉरिडोर लुधियाना से कोलकाता तक बनाया जाएगा। कैंट में बनने वाले रेलवे कॉरिडोर के लिए रेलवे की तरफ से जनवरी 2014 में जमीन अधिग्रहण की थी। इस दौरान 3 कनाल जमीन का केस कोर्ट में विचाराधीन था जिसका फैसला 4 दिसंबर को आते ही निगम ने जमीन से अतिक्रमण हटाकर इसे डीएफसी के हवाले कर दिया है।



आने वाले समय में रेलवे की सूरत बदलने वाली है। मालगाड़ियों के लिए अलग ट्रैक व यात्री गाड़ियों के लिए अलग ट्रैक होगा। मालगाड़ियों की स्पीड भी 100 किलोमीटर होगी। कॉरिडोर तैयार होने से व्यापारी सस्ती दर पर सुरक्षित तरीके से जल्द सामान को एक से दूसरे स्थान पर भेज सकेंगे।
**सुरेन्द्र पाल,** चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर, डीएफसी।



कॉरिडोर का यह होगा रूट मैप।

**5000 करोड़ रुपए होंगे खर्च**

- डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के प्रोजेक्ट के आधार पर मौजूद समय में देश में दो रेलवे कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। पहला इस्टर्न कॉरिडोर लुधियाना से कोलकत्ता तक और दूसरा वेस्टर्न कॉरिडोर दिल्ली से मुंबई के बीच बनाया जा रहा है। इस्टर्न प्रोजेक्ट पर लगभग 5 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। रेलवे कॉरिडोर का निर्माण लुधियाना से उत्तरप्रदेश के देवबंद तक किया जा रहा है। इस्टर्न कॉरिडोर देश दिल्ली से कोलकाता, मुंबई व चेन्नई पोर्ट से सीधा अटैच होगा।

**मालगाड़ी के डिब्बे का बदलेगा रूप**

डीएफसी पर चलने वाली मालगाड़ी मौजूदा समय में चलने वाली मालगाड़ी से अलग होगी। मौजूदा समय में चलने वाली मालगाड़ी के एक डिब्बे की ऊंचाई 4.265 मीटर और लंबाई 3200 मीटर है। डीएफसी के इस्टर्न कॉरिडोर पर चलने वाली मालगाड़ी के डिब्बे की ऊंचाई 5.1 मीटर और वेस्टर्न कॉरिडोर पर ऊंचाई 7.1 मीटर और लंबाई 3660 मीटर होगी। इसके अलावा ट्रेन की लंबाई भी 700 मीटर से बढ़ाकर 1500 मीटर और ट्रेन लोड 5 हजार टन की जगह 13 हजार टन होगा।

## वैष्णवी हत्याकांड | अकेला किशोर ही पूरी साजिश का मास्टरमाइंड, चारों छात्रों को पुलिस की क्लीनचिट, परिजनों ने लोगों के साथ निकाला रोष मार्च

भास्कर न्यूज़ | अम्बाला

**पांच** वर्षीय वैष्णवी के अपहरण से जुड़ी साजिश किशोर ने ही रची थी जिसका वह इकलौता मास्टर माइंड है। जिन चार छात्रों की किशोर की जेब से लीव एप्लीकेशन मिली थी, उससे इस हत्याकांड का लेना-देना नहीं है। यह बात जांच टीम शुक्रवार को अपनी पूछताछ में क्लियर भी कर चुकी है। दूसरी तरफ परिवार ने लोगों के साथ मिलकर रोष मार्च निकाला। साथ ही किशोर पर बालिग के तहत कार्रवाई की मांग की है।

**संबंधित खबरें पेज 3 पर**



**छात्रों ने खुद लिखी थी लीव एप्लीकेशन**

वारदात वाले रोज पुलिस को किशोर की जेब से चार अन्य छात्रों की लीव एप्लीकेशन मिली थी। माना जा रहा था कि इस साजिश में अन्य छात्र भी शामिल हो सकते हैं। किशोर से पूछताछ के बाद पुलिस शुक्रवार को उन छात्रों से मिलने स्कूल पहुंची। जांच में पाया कि वह एप्लीकेशन उन्हीं छात्रों ने लिखी थी, क्योंकि अगले दिन यानी 8 अक्टूबर को उनकी परीक्षा थी जिसकी तैयारी के लिए वह छुट्टी लेना चाहते थे। आरोपी किशोर स्कूल में आगे बैठता था, इसलिए वह एप्लीकेशन उन्होंने उसे दे दी थी ताकि अगले दिन वह टीचर को दे सके। पुलिस ने उन छात्रों को क्लीनचिट दे दी है।

पुलिस ने लीव एप्लीकेशन के आधार पर छात्रों से पूछताछ की। मगर अभी ऐसा कुछ नहीं मिला है। वह एप्लीकेशन छात्रों ने खुद लिखी थी। इसके बाद छात्रों को क्लीनचिट दे दी।
**रामनिवास,** इंचार्ज, महेश नगर थाना अम्बाला।

## इनहांसमेंट मुद्दा सेक्टरवासियों को अपने साथ जोड़ने के लिए घर-घर जाएगी सेक्टर-10 वेलफेयर एसोसिएशन

### सभी घरों में पंफलेट भी बंटवाए, एसोसिएशन ने अब तक 1 लाख से ज्यादा की राशि जुटाई

सतनाम सिंह | अम्बाला सिटी

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल को दी गई एप्लीकेशन का कोई जबाव न मिलने के बाद सेक्टर-10 में इनहांसमेंट कम करने के लिए एसोसिएशन ने फिर एक कदम उठाया है। एसोसिएशन जहां हाईकोर्ट जाने की तैयारी कर रही है। अब सेक्टर-10 के हर प्लॉट होल्डर को अपने साथ जोड़ने के लिए एसोसिएशन घर-घर जाएगी। इससे पहले सभी घरों में पंफलेट भी बंटवाए गए। रविवार से एसोसिएशन का घर-घर जाने का सिलसिला शुरू होगा। वहीं, इनहांसमेंट से जूझ रहे सेक्टरवासी भी एसोसिएशन से जुड़ने लगे हैं। एसोसिएशन के साथ 100 से ज्यादा लोगों ने हाईकोर्ट जाने के लिए करीब 1 लाख से ज्यादा रुपए जमा करवाए हैं।

सेक्टर-10 में 1499 रिहायशी प्लॉट हैं। इनमें 800-850 प्लॉट होल्डर ने मकान बना रखे हैं, जबकि 300 लोगों ने 25 प्रतिशत ही निर्माण किया है और बाकी प्लॉट खाली हैं। एसोसिएशन पदाधिकारी 25 प्रतिशत प्लॉट होल्डर्स और खाली प्लॉट होल्डर को भी उनके साथ खड़ा होने के लिए कह रही है। सोमवार को सेक्टर-10 वेलफेयर एसोसिएशन जनरल हाउस की सभा हुई थी, जिसमें मामले को लेकर हाईकोर्ट जाने का फैसला लिया गया था। सभा की अध्यक्षता प्रधान प्रभुदयाल गोयल ने की थी। वहीं एसोसिएशन ने सीएम को एप्लीकेशन दी थी। छह महीने बीतने के बाद भी सीएम की ओर से कोई जवाब नहीं आया।

**1997 से चार इनहांसमेंट झेल चुके**

सेक्टर-10 वर्ष 1997 में बसा था। पहले भी हुडा वासी चार इनहांसमेंट झेल चुके हैं। अब फिर इनहांसमेंट से लोग परेशान हो गए हैं। एसोसिएशन ने सभा में निर्णय लिया गया था कि प्लॉट होल्डर पर लगाई भारी इनहांसमेंट की राशि को कम करने के लिए हाईकोर्ट में केस फाइल किया जाएगा। सेक्टर-10 प्लॉट होल्डर हाईकोर्ट में केस फाइल करने के लिए फीस 100 प्रति मरला के हिसाब से कम्युनिटी सेक्टर 10 में जमा किए जा रहे हैं। यह राशि 9 दिसंबर तक प्रतिदिन सायं 5 से 7 बजे तक और 10 दिसंबर रविवार को सुबह दस से एक बजे तक जमा करवा सकते हैं। एसोसिएशन सेक्रेटरी एनपी गुप्ता ने बताया कि सेक्टरवासी एसोसिएशन से जुड़ रहे हैं। एसोसिएशन ने सभी घरों में पंफलेट भी बंटवाए हैं। रविवार से एसोसिएशन सदस्य घर-घर जाएंगे। सेक्टरवासियों को एसोसिएशन के साथ ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़ने के लिए आह्वान किया जाएगा।

## ब्रेन ट्यूमर से जूझ रही महिला ने लगाया फंदा

**अम्बाला**| मिल के पीछे कुंज विहार में रहने वाली 40 वर्षीय कविता ने घर में फंदा लगा लिया। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर सिविल अस्पताल भिजवाया। परिजनों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। आज मृतका का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। करधान चौकी इंचार्ज अशोक शर्मा ने बताया कि मृतका पिछले 3-4 साल से ब्रेन ट्यूमर से ग्रस्त थी। चंडीगढ़ से उसका उपचार भी चल रहा था। पति उमेश गिरि जो प्राइवेट काम करते हैं, ने बताया कि वह बीमारी से परेशान थी और उसने गुरुवार रात फंदा लगाकर जान दे दी। जांच अधिकारी ने बताया कि उनका पांच साल का बेटा भी है।





